हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 नपा ने आरईएस से करवाया सर्वे, रुकेगा 200 करोड़ लीटर...



10 मांगों का निराकरण नहीं होने पर इंदौर में धरना प्रदर्शन करने की...



खबर संक्षेप

'वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं'

नर्मदापुरम। राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के ट्रामा सेंटर में 1 अक्टूबर 2026 को सुबह 10 बजे से वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य वृद्धावस्था से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं का समय पर परीक्षण और उपचार करना है। शिविर में वरिष्ठजनों के लिए ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हृदय रोग, जोड़ों व हड्डियों की समस्या, आंख और कान की जांच सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच व चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध रहेगा।

शहर का ईदगाह फाटक 4 अक्टूबर तक रहेगा बंद

नर्मदापुरम। रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नर्मदापुरम यार्ड स्थित ईदगाह समपार फाटक क्रमांक 233 (किमी 763/26N-30N) पर आवश्यक अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है। समपार फाटक की संरक्षा एवं कार्यक्षमता को बेहतर बनाए रखने के लिए यहां ओवरहॉलिंग कार्य किया जाएगा। निर्धारित अनुरक्षण कार्य के दौरान समपार फाटक क्रमांक 233 को 4 अक्टूबर को सायं 6 बजे तक सड़क यातायात के लिए पूर्णतः बंद रखा जाएगा। इस दौरान फाटक से किसी भी प्रकार के सड़क यातायात का आवागमन नहीं हो सकेगा। रेल एवं सड़क दोनों यातायात की संरक्षा बनाए रखने तथा भविष्य में सुरक्षित एवं सुचारु परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

छोटे व्यापारियों के समर्थन में धरने पर बैठे प्रमोद पगारे

विरोध : रामलीला मैदान की अस्थायी दुकानों के टेंडर पर मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नवरात्रि और रामलीला आयोजन के दौरान रामलीला मैदान एवं पुरानी इटारसी के वीर सावरकर मैदान में अस्थायी दुकानों के आवंटन को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। नगरपालिका द्वारा अस्थायी दुकानों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू किए जाने के विरोध में राष्ट्रीय अध्यक्ष, नर्मदापुरम पत्रकार संघ प्रमोद पगारे ने एसडीएम इटारसी को पत्र सौंपकर प्रक्रिया निरस्त करने की मांग की है। इसी मांग को लेकर वे जयस्तंभ चौक पर धरने पर भी बैठे हैं।

पगारे ने अपने पत्र में बताया कि नगरपालिका द्वारा 29 सितंबर 2026 को प्रकाशित विज्ञापन के माध्यम से रामलीला समारोह के लिए रामलीला मैदान एवं वीर सावरकर मैदान में अस्थायी दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पत्र के अनुसार, दुकानों का न्यूनतम आवंटन शुल्क 3 हजार रुपये प्रति दुकान रखा गया है और करीब 9-10 दिनों के लिए दुकानें आवंटित की जानी हैं।



'छोटे दुकानदारों पर पड़ेगा असर'

धरने पर बैठे पगारे का कहना है कि रामलीला मेले में बड़ी संख्या में ऐसे छोटे दुकानदार आते हैं, जो फुलकी, मूंगफली, गुब्बारे, कॉटन कैंडी, छोटे खिलौने सहित अन्य छोटे सामान बेचकर अपना परिवार चलाते हैं। पत्र में दावा किया गया है कि इन छोटे कारोबारियों की रोजाना की कमाई लगभग 500 से 1000 रुपये तक होती है। ऐसे में 10 दिन के लिए दुकान आवंटन पर 3 हजार रुपये का शुल्क छोटे व्यापारियों के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन सकता है। पगारे ने प्रशासन से मांग की है कि छोटे व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका के इस निर्णय को निरस्त किया जाए।

धरने को मिला समर्थन

जयस्तंभ चौक पर शुरू हुए धरने में छोटे व्यापारियों की समस्या को लेकर लोगों का समर्थन भी देखने को मिला। धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि रामलीला और नवरात्रि जैसे आयोजनों में वर्षों से छोटे कारोबारी अपनी छोटी-छोटी दुकानें लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते आए हैं। ऐसे में आवंटन प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए, जिससे इन छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ न पड़े। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि जगदीश मालवीय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, ओम सेन, गुड्डू गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी मनीष ठाकुर, अनिल मिहानी, सुधांशु मिश्र, रोहित नागे, कृष्णा राजपूत, अरविंद शर्मा, राहुल शरण, कुशल नवथले, देवेंद्र तिलोटिया, सुरेंद्र राजपूत, सर्व ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष जितेंद्र ओझा, विवेक मालवीय, आशुतोष अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विनोद कुशवाह, मनोज बडकुर, विनीत चौकसे, लखन बेस, महेश आर्य, प्रवीण गांधी, राजेश गुप्ता, संतोष गुरयानी, दिव्यांग बाबा साहब सहित अन्य बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, राजनैतिक संगठन पदाधिकारी, व्यापारी एवं पत्रकार सहित नागरिकों ने समर्थन दिया एवं जयस्तंभ पर संबोधित किया।

मामले में पत्रकार पगारे ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि नगरपालिका द्वारा अस्थायी दुकानों के आवंटन संबंधी निर्णय निरस्त नहीं किया जाता है, तो छोटे व्यापारियों के पक्ष में आमरण अनशन एवं भूख हड़ताल जैसे कदम उठाए जा सकते हैं, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। 42 साल की पत्रकारिता और 17 साल की रामलीला समिति से जुड़े होने का हवाला पगारे ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वे करीब 42 वर्षों से पत्रकारिता से जुड़े हैं और लगभग 17 वर्षों तक रामलीला आयोजन समिति के अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने कहा कि इटारसी में करीब 200 वर्षों से रामलीला का आयोजन होता आ रहा है और इससे जुड़े छोटे कारोबारी लंबे समय से अपनी रोजी-रोटी चलाते रहे हैं। मामले में अब नजर प्रशासन के अगले कदम पर है—क्या नगरपालिका छोटे दुकानदारों के हित में टेंडर प्रक्रिया पर पुनर्विचार करेगी या फिर धरना आगे किसी बड़े आंदोलन का रूप लेगा?

3 टीमों ने 13 प्रकरण दर्ज कर 1.5 लाख की शराब-लहान जब्त की

नर्मदापुरम में अवैध शराब पर कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के मंगलवार को जिले में एक साथ 3 टीमों ने कार्रवाई की।

टीम-1: जंगल में मिली जलती भट्टियां

सिवनी मालवा वृत्त में ग्राम कोटला खेड़ी, उराडी, भिलट देव, गवाडी, चोटलाय, हिरण खेड़ा में दबिश दी गई। आबकारी अधिनियम के तहत 4 प्रकरण कायम किए गए। मौके से 40 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा और 1000 किलोग्राम लहान जब्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 1,08,000 रुपये है। सुदूर जंगल क्षेत्रों में कई जगह जलती हुई भट्टियां मिलीं, जिन्हें स्टाफ ने नष्ट किया। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी अशोक माहौरे एवं उप निरीक्षक के.के. पड़रिया के नेतृत्व में हुई।

टीम-2: पिपरिया वृत्त में 3 प्रकरण दर्ज

पिपरिया वृत्त में ग्राम राईखेड़ी, बरखेड़ी, बनखेड़ी, सिंहपुर में दबिश के दौरान 3 प्रकरण दर्ज किए गए। 2 लीटर कच्ची शराब, 180 किलो लहान और 20 क्वार्टर देशी मदिरा जब्त की गई, कीमत 19,900 रुपये। नेतृत्व उप निरीक्षक हितेश बिसोरिया ने किया।

टीम-3: इटारसी वृत्त में 6 प्रकरण

इटारसी शहर वृत्त में ग्राम खटामा, तीखड़, जमानी, टिगरिया, कजलास, मेहरागांव, मिसरोद में कार्रवाई में 6 प्रकरण कायम हुए। 25 लीटर कच्ची शराब और 180 किलो लहान जब्त, कीमत 23,000 रुपये। नेतृत्व सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश अहिरवार ने किया।

तीनों कार्रवाइयों में मुख्य आरक्षकों एवं आरक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

2 से 10 अक्टूबर तक चलेगा सेवा मेरा योगदान अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम श्री हिमांशु जैन द्वारा ''सेवा मेरा योगदान'' कार्यक्रम हेतु श्री नितिन टाले संयुक्त कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विभिन्न गतिविधियों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

जारी कार्यक्रम अनुसार 2 अक्टूबर को 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक, ऐतिहासिक, शासकीय कार्यालय, पंचायत भवन, उद्यान, चिकित्सालय, गौशाला परिसर में साफ-सफाई, श्रमदान और सफाई मित्रों का सम्मान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के लिए समस्त जनपद CEO (ग्रामीण) और CMO नगरीय निकाय को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

3 अक्टूबर को 'स्वास्थ्य शिविर' कार्यक्रम अंतर्गत जिला, विकासखंड, नगरीय निकाय स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण और शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। इस हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गहलोत को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अदिति सहायक प्राध्यापक, शाइस्ता खाद्य सुरक्षा अधिकारी बनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी की छात्राओं ने MPPSC की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा अदिति पटेल का चयन MPPSC द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक (कॉमर्स) पद पर हुआ है। बी.कॉम. की छात्रा रहीं अदिति ने प्रथम प्रयास में ही NET उत्तीर्ण करने के बाद सहायक



प्राध्यापक परीक्षा में भी सफलता हासिल की। इसी तरह विज्ञान संकाय की पूर्व छात्रा शाइस्ता खान (बी.एससी.) का चयन MPPSC परीक्षा के माध्यम से खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर हुआ है। दोनों छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, स्व-अध्ययन और महाविद्यालय के प्राध्यापकों के मार्गदर्शन को दिया। प्राचार्य डॉ. आर.एस. मेहरा ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता महाविद्यालय की अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणादायी है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार एवं नगरवासियों ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

पार्षद ज्योति बाबरिया के मुख्य आतिथ्य में आंगन मिलन कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेक्टर 2, केंद्र क्रमांक 106 और वार्ड क्रमांक 7 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को फल, टॉफी एवं पेंसिल वितरित की गईं।

पार्षद ज्योति बाबरिया ने बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य एवं दैनिक



गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्हें नियमित रूप से पढ़ाई करने, स्वच्छता का ध्यान रखने तथा अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के पालकों को पोषण आहार के महत्व की जानकारी दी गई। बच्चों के समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार को आवश्यक बताते हुए पालकों से बच्चों के भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों को शामिल करने की अपील की गई। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों एवं उनके परिवारों को मिलने वाली विभिन्न सेवाओं और पोषण संबंधी जागरूकता की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र की सेवाओं में सक्रिय भूमिका निभाने वाली कार्यकर्ताओं के कार्यों की सराहना की।

अवैध हथियार लेकर घूमने वालों पर भी हो कार्रवाई : रमेश साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में लगातार हो रही चाकूबाजी की घटनाओं पर कांग्रेस लीगल सेल के पूर्व संगठन सचिव एवं अधिवक्ता रमेश के. साहू ने चिंता जताई है।



उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के साथ पुलिस को अवैध हथियार लेकर घूमने वालों और असामाजिक तत्वों पर भी सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए। साहू ने कहा कि शहर में चाकूबाजी की घटनाओं को रोकने के लिए बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों और सुनसान रास्तों पर नियमित गश्त बढ़ाई जाए। आदतन अपराधियों की निगरानी के साथ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर कानूनसम्मत कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सुरक्षित माहौल देना पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी है। यातायात चेकिंग के साथ अपराध रोकने के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि शहरवासी और व्यापारी बेखौफ होकर अपना काम कर सकें।

कलेक्टर कार्यालय परिसर में सुरक्षा व कानून व्यवस्था के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर कार्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए गए हैं। उक्त आदेश अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) (3) के अंतर्गत पारित किया गया है।

जारी आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन ज्ञापन सौंपने के लिए पूर्व अनुमति प्राप्त करेगा, जिसमें आयोजक सहित अधिकतम पांच व्यक्तियों का नाम, पता और मोबाइल नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य होगा। अनुमत पांच व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी अन्य का परिसर में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

बिना पुलिस को सूचना दिए कोई सभा, जुलूस या वाहन रैली आयोजित नहीं की जा सकेगी तथा सक्षम अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी) की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की रैली या जुलूस करना वर्जित रहेगा। इसके अतिरिक्त परिसर में किसी भी प्रकार के हथियार, लाठी-डंडा, पत्थर, बारूद, पटाखे, पेट्रोल या अन्य ज्वलनशील पदार्थ लाना प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही कलेक्टर परिसर में भारी या व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश भी पूर्णतः वर्जित रहेगा।

अपर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि यह प्रतिबंध शासकीय आयोजनों, कार्यक्रमों तथा कर्तव्य पर कार्यरत शासकीय सेवकों, पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेटों पर लागू नहीं होगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति, संस्था अथवा समूह पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने निर्देशित किया कि आदेश जनसाधारण की जानकारी हेतु जिले के सभी संबंधित कार्यालयों एवं पुलिस थानों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

वार्ड 15 में हुआ आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड क्रमांक 15 के केंद्र क्रमांक 32 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संदीप सोनकर एवं बूथ अध्यक्ष शिवाकांत मालवीय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विमला सैनी एवं सहायिका सविता मेहरा का सम्मान किया गया। संदीप सोनकर ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम शासन की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अभिभावकों से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनवाड़ी के माध्यम से मिलने वाले पोषण आहार, टीकाकरण सहित अन्य सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में वार्डवासियों एवं आंगनवाड़ी हितग्राहियों को अल्पाहार वितरित किया गया।

20 अक्टूबर को विसर्जन के साथ होगा समापन

नवरात्रि में 10 दिनों तक सजेगा उत्सव का रंग अपना उत्सव समिति ने जारी किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नवरात्रि पर्व को लेकर शहर में उत्साह का माहौल बनने लगा है। अपना उत्सव समिति, 3 लाइन इटारसी द्वारा इस वर्ष नवरात्रि के अवसर पर 10 दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति ने आयोजन का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनोरंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

आयोजन की शुरुआत 11 अक्टूबर रविवार को माता की स्थापना के साथ होगी। इसके बाद प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम



आयोजित किए जाएंगे। 12 अक्टूबर को टिक-टैक-टो एवं तम्बोला, 13 अक्टूबर को लूडो, जबकि 14 अक्टूबर को यूनिक हाउजी एवं स्मरण शक्ति प्रतियोगिता रखी गई है। नवरात्रि उत्सव में 15 अक्टूबर को फैशन शो का आयोजन होगा, वहीं 16 अक्टूबर को नृत्य कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेगा। 17 अक्टूबर को प्रश्न मंच और 18 अक्टूबर को आनंद मेला आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 19 अक्टूबर को हवन एवं भंडारे का आयोजन होगा।

दस दिवसीय आयोजन का समापन 20 अक्टूबर मंगलवार को माता की प्रतिमा के विसर्जन के साथ किया जाएगा। समिति द्वारा पूरे आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। समिति के अनुसार नवरात्रि के दौरान धार्मिक आस्था के साथ परिवार के सभी सदस्यों के लिए मनोरंजक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

अथर्व, हिमांशु और यश रणजी ट्रॉफी में शामिल

नर्मदापुरम। बीसीसीआई रणजी ट्रॉफी 2026-27 के लिए मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने 17 सदस्यीय सीनियर टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान अनुभवी बल्लेबाज शुभम शर्मा को सौंपी गई है। मध्यप्रदेश की घोषित टीम में नर्मदापुरम संभाग के तीन खिलाड़ियों यश दुबे, अथर्व महाजन और हिमांशु शिंदे को स्थान मिला है। तीनों खिलाड़ियों के चयन से नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ में हर्ष का माहौल है। नर्मदा पुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानद सचिव प्रदीप सिंह तोमर ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग के खिलाड़ियों ने लगातार विभिन्न आयु वर्गों तथा अंतर-संभागीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। इसी निरंतर प्रदर्शन का परिणाम है कि संभाग के तीन खिलाड़ियों को रणजी टीम में स्थान प्राप्त हुआ है। युवा बल्लेबाज अथर्व महाजन के चयन को विशेष उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। संभाग के ही युवा खिलाड़ी हिमांशु शिंदे को भी रणजी टीम में स्थान मिला है। हमध्यप्रदेश क्रिकेट लीग में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

बांद्राभान में मेरा युवा भारत ने किया पौधरोपण, दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, नर्मदापुरम द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत बांद्राभान स्थित आश्रय वृद्धाश्रम में पौधरोपण एवं स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सेवा भावना, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना था। वृद्धाश्रम परिसर में फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया और उपस्थित सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी नितेश जिंदल, साहिल तिलोटिया, शिवांग यादव और जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से अन्नू पासी उपस्थित रहे। युवाओं ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ संवाद भी किया। कार्यक्रम के अंत में निर्मला माथनकर ने सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय करेगा आयोजन

बैतूल। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय बैतूल द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 9 अक्टूबर शुक्रवार को विविध जनकल्याणकारी एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत कार्यालय द्वारा जामुन, आम एवं अशोक के 100 पौधे भूतपूर्व सैनिकों को पौधरोपण के लिए वितरित किए गए हैं। 9 अक्टूबर को योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिजन सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत पूर्व सैनिकों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित कर डिजिटल लेन-देन एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर वीर-गाथा एवं सैनिक सम्मान समारोह आयोजित कर वीर नारियों एवं विशिष्ट सेवा वाले भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में समस्त भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले पूर्व सैनिक सैनिक कल्याण कार्यालय को 08 अक्टूबर तक अवगत करायें ।

बीईओ ने किया पदभार ग्रहण



शाहपुर। नवनियुक्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहपुर दिलीप कुमार गीते द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ बैतूल के जिला कोषाध्यक्ष राजेश दाते, जिला सचिव मदन यादव, संगठन मंत्री बीआर ठाकरे, जिला मीडिया प्रभारी संतोष महोबिया, ब्लाक अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, सहसचिव प्रवीण तुरिया, राजेंद्र मालवीय, चंदू लाल महोबिया, ज्ञानेंद्र शुक्ला, बीआरसी भादे, दिनेश बारस्कर, संजू मालवीय एवं समस्त शिक्षक गण द्वारा शाल श्रीफल से स्वागत कर शुभकामनायें दी ।

एमपीईबी अस्पताल सारनी में रक्तदान शिविर आज

सारनी। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुवार 1 अक्टूबर को मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अस्पताल में सुबह 10 बजे से किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिजवे ने बताया कि शिविर में सेवाभावी लोग उपस्थित होकर रक्तदान करेंगे। इसी क्रम में एक घंटा, एक दिन एक साथ सामूहिक श्रमदान का आयोजन बस स्टैंड सारनी में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। शुक्रवार 2 अक्टूबर को पीएमश्री स्कूल शोभापुर में पौधारोपण सुबह 11 बजे से छठ पूजा घाट पर विशेष श्रमदान होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी नागरिकों से कार्यक्रमों में सहभागी होने का आग्रह किया है।

माचना नदी पर बनेंगे चार बैराज, जलसंकट से मिलेगी राहत

नपा ने आरईएस से करवाया सर्वे, रुकेगा 200 करोड़ लीटर पानी

संजय द्विवेदी ▶▶बैतूल

शहर की पेयजल सप्लाई व्यवस्था को मजबूत करने और माचना नदी पर पानी स्टोरेज बढ़ाने की दिशा में नगरपालिका ने योजना बनाई है। नगरपालिका ने आरईएस की मदद से माचना नदी में 18 किलोमीटर का सर्वे करवाया है। जिसमें बैतूल शहर से लाखापुर बांध के बीच माचना नदी पर 2 करोड़ 25 लाख की लागत से चार बैराज बनाने का प्रोजेक्ट तैयार किया है। इनसे शहर में पेयजल सप्लाई के लिए 200 करोड़ लीटर पानी रुकेगा। प्रत्येक बैराज में 50 करोड़ लीटर पानी रुकेगा और नगरपालिका को जलसंकट में पानी के लिए जुगाड़ नहीं करना पड़ेगा। दरअसल शहर में अभी माचना एनीकेट और ताप्ती बैराज से पानी आ रहा है। यह शहर की जरुरत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। यही कारण है कि अभी शहर में दो दिन के अंतराल से पानी की सप्लाई हो रही है। चार नये बैराज बनने से पेयजल संकट में कुछ हद तक राहत मिलेगी। बता दे कि नगरपालिका ने 1972 में माचना नदी पर पानी रोकने के लिए माचना एनीकट और गंगूडोह स्टॉप डेम बनाया था। उस समय प्लानिंग थी कि भविष्य में इसे बढ़ाया जाएगा। कई बार एनीकट की ऊंचाई बढ़ाने, नए बैराज बनाने, पानी स्टोरेज बढ़ाने के प्लान बनाए गए। लेकिन काम नहीं हुआ। आज तक 15 फीट ऊंचे माचना एनीकट में 125 करोड़ लीटर पानी रोकने के इंतजाम के अलावा कोई अन्य इंतजाम नहीं हैं।



रास्ते में सूख जाता है लाखापुर से छोड़े जाने वाला पानी

गर्मियों में जब लाखापुर बांध से पानी बैतूल शहर के लिए छोड़ा जाता है, तो 18 किमी का रास्ता सूखा होने के कारण अधिकांश पानी जमीन में रिस्क जाता है या सूख जाता है। बैराज बनने से पानी टुकड़ों में रुकता हुआ आगे बढ़ेगा, जिससे नदी का तल नम रहेगा और छोड़ा गया पानी बिना बर्बाद हुए सीधे शहर के माचना एनीकट तक पहुंचेगा। यदि किसी वर्ष बारिश कम होती है या मानसून में देरी होती है, तो भी बैराजों में जमा अतिरिक्त पानी शहर के लिए बैकअप वाटर बैंक का काम करेगा। इसके अलावा इन बैराजों के निर्माण से न केवल शहर की पेयजल समस्या दूर होगी। पानी ठहरे रहने से भूजल स्तर में भी भारी सुधार आएगा। इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के कुओं और बोरवेल में जलस्तर बढ़ेगा।

लाखापुर में स्टोर रहता है 194 करोड़ लीटर पानी : शहर से 18 किलोमीटर दूर स्थित लाखापुर बांध में पेयजल के लिए 194 करोड़ लीटर पानी स्टोर रहता है। यह पानी माचना नदी में छोड़ा जाता है। जो नदी में बहते हुए बैतूल शहर के माचना एनीकट तक आता है। लेकिन रास्ते में यह पानी सूख जाता है। अब रास्ते में नदी पर चार बैराज बनने से पानी रुका रहेगा। इन बैराजों में पानी स्टोर रहने से शहर को पूरे अप्रैल, मई और जून महीने में नियमित और पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी। अभी गर्मियों के दिनों में शहर में 4 दिन में एक बार नल आते हैं और वार्डों में

इनका कहना है

माचना नदी का सर्वे करवाया था। इसमें चार जगह चिन्हित की गई हैं। यहां बैरा

एसएस मरकाम, ईई, आरईएस

अभी एक दिन के अंतराल में हो रही जल सप्लाई

शहर में 33 वार्ड है। इन वार्डों में नगरपालिका द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है। पानी की सप्लाई के लिए शहर में 9 टंकियां हैं। इनके माध्यम से रोजाना 22 से 75 लाख लीटर पानी की सप्लाई की जाती है। अभी एक या दो दिन के अंतराल से सप्लाई होती है। रोजाना सप्लाई के लिए और पानी की दरकार नगरपालिका को है। बता दे कि शहर के वार्डों में वर्षों से एक या दो दिन के अंतराल में ही पानी की सप्लाई की जाती रही है। रोजाना पानी की सप्लाई के लिए नगरपालिका को जल संग्रहण के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करना पड़ेगी। वैसे एक-दो दिन के अंतराल में पानी सप्लाई करने पर माचना एनीकेट का पानी मार्च तक चल जाता है। मार्च के बाद लाखापुर से पानी लाकर शहर में सप्लाई व्यवस्था बनाई जाती है। लेकिन इस बार बारिश कम होने से नगरपालिका को पानी के लिए भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इन्हीं सब कारणों से नपा के अधिकारी भी चिंतित नजर आ रहे हैं।

करीब सवा दो करोड का एस्टीमेट बनाकर नपा को सौंपा

नगरपालिका ने आरईएस की मदद से माचना नदी में सर्वे करवाया है। इसमें चार जगह चिन्हित की गई हैं। जहां बैराज बनाना जा सकता है। जिसमें बैतूल शहर से लाखापुर बांध के बीच माचना नदी पर 2 करोड़ 25 लाख की लागत से चार बैराज बनाने का प्रोजेक्ट तैयार किया है। फिलहाल यह योजना अभी कागजों में है। बजट का इंतजाम होने पर काम आगे करवाया जाएगा। यदि यह चार बैराज बन जाते है तो नगरपालिका को काफी राहत मिल सकती है, क्योंकि लाखापुर से छोड़े जाने वाला पानी रास्ते में बर्बाद हो जाता है। बैराज बन जाते है तो पानी सीधे एनीकेट में पहुंचेगा। जिससे नगरपालिका को जलापूर्ति में सहयोग मिलेगा। फिलहाल नगरपालिका शहर के लिए पानी स्टोरेज बढ़ाने की दिशा में योजना बना रही है, ताकि लोगों को भविष्य में पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े।

स्वास्थ्य शिविर में 243 ग्रामीणों ने उठाया निःशुल्क इलाज का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारनी



वेकोलि पाथाखेड़ा क्षेत्र की ओर से निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) वर्ष 2026-27 के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत शोभापुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय महाप्रबंधक जितेंद्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित शिविर में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श के लिए पहुंचे। शिविर में गवाड़ीढाना, बिछुआ, शोभापुर और बामणखेड़ा सहित विभिन्न गांवों के 243 ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर के दौरान ग्रामीणों को वेकोलि की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच के साथ आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। सीएसआर के तहत आयोजित इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाना और जरूरतमंद लोगों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। शिविर का आयोजन वेकोलि मुख्यालय के सीएसआर विभाग, क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. बिन्देश्वर प्रसाद और क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रबंधक वाई. शशिधर के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग घोड़ाडोंगरी का विशेष सहयोग रहा। स्थानीय ग्रामीणों ने वेकोलि की इस पहल की सराहना करते हुए शिविर को ग्रामीण क्षेत्र के लिए उपयोगी बताया।

सतपुड़ा सांस्कृतिक उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भव्य रामलीला का आयोजन

सारनी। सतपुड़ा सांस्कृतिक उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामरख्यानी स्टेडियम में भव्य नवदुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष समिति द्वारा उत्सव को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं मर्यादा के अनुरूप और अधिक गरिमापूर्ण स्वरूप प्रदान करते हुए भव्य रामलीला के मंचन का निर्णय लिया गया है। समिति के लगभग 47 वर्ष के गौरवशाली इतिहास में यह संभवतः पहला अवसर है, जब रामरख्यानी स्टेडियम के विशाल मंच पर लगातार संपूर्ण रामलीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्शों, मर्यादा, त्याग, कर्तव्य एवं सत्य की विजय का संदेश नगरवासियों तक पहुंचाया जाएगा। रामलीला में श्रीराम जन्म, सीता स्वयंवर, राम वनगमन, दशरथ मरण, भरत मिलाप, शूर्पणखा संवाद, सीता हरण, सुग्रीव मित्रता, बाली वध, अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण वध तथा मेघनाद वध सहित अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का आकर्षक एवं प्रभावशाली मंचन किया जाएगा। उत्सव के अंतिम चरण में अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक रावण दहन का भव्य आयोजन भी किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नवदुर्गा उत्सव केवल मनोरंजन का अवसर नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने

सफाई मित्रों की सुरक्षा हेतु किया स्वास्थ्य परीक्षण

नगर पालिका में किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारनी



सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत नगर पालिका क्षेत्र में कार्यरत सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। नगर पालिका परिषद सारनी में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिजवे व अन्य अधिकारियों ने सम्मानित किया। इससे पूर्व करीब 45 सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सेवा संकल्प अभियान 2026 का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इसके तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार 30 सितंबर को सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण संजीवनी क्लीनिक पाथाखेड़ा एवं शोभापुर में किया गया। निकाय क्षेत्र लगभग 45 से अधिक सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्हें आवश्यक दवाएं दी गई एवं स्वच्छता के साथ रहने की सीख दी गई। इसके बाद दोपहर 2 बजे से नगर पालिका कार्यालय सारनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रारंभमें निकाय में कार्यरत स्वच्छता मित्र प्रहलाद सिंदूर के निधन पर उन्हें दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिजवे ने कामगारों का सम्मान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि नगर की स्वच्दता में सफाई मित्रों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके भरोसे ही नगर स्वच्छ एवं

बस में चढ़ रहे यात्री पर चढ़े पिछले पहिए, गंभीर हादसा

शाहपुर। शाहपुर बस स्टैंड पर बुधवार को उस समय हडक़ंप मच गया, जब शिवहरे बस के चालक ने कथित रूप से समय मिलाने की जल्दबाजी में बस को उस वक्त चला दिया, जब एक यात्री बस में चढ़ रहा था। बस की चपेट में आने से यात्री के दायें पैर पर बस के पिछले पहिए चढ़ गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यात्री बस में चढऩे का प्रयास कर रहा था, इसी दौरान चालक ने बस आगे बढ़ा दी। अचानक हुए हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने घायल यात्री को तत्काल मदद पहुंचाई और उपचार के लिए अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की। घटना के बाद बस स्टैंड पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का कहना है कि बस चालकों को बस चलाने से पहले



निष्पक्ष जांच, भूमि की लीज और निर्माण की वैधानिकता की जांच की मांग

मिशन स्कूल परिसर में धर्मांतरण और निर्माण के आरोपों पर सकल हिंदू समाज ने किया प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

सदर स्थित मिशन प्राथमिक शाला परिसर में कथित धर्मांतरण, निर्माण और अन्य गतिविधियों को लेकर सकल हिंदू समाज सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने आपत्ति जताई है। हिंदू जागरण मंच, प्रांत टोली से महेंद्र साहू प्रांत टोली से समाजसेविका श्रीमती वंदना कुंभारे , हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक राजू तुंडराम, सहसंयोजक बंडु लिखितकर, अधिवक्ता दीपक पाल, अधिवक्ता पूनम राजपूत एम राष्ट्रीय हिंदू सेवा के अध्यक्ष दीपक मालवीय के नेतृत्व में सर्व हिंदू समाज, हिंदू जागरण मंच, राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रतिनिधियों धर्म जागरण प्रतिनिधि और कुनबी समाज सेवा संगठन के मुन्ना मानकर ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने तथा शिकायत में सामने आए आरोपों की वैधानिक जांच के बाद कार्रवाई की मांग की गई। समाजसेवी वंदना कुंभारे ने मीडिया से चर्चा में आरोप लगाया कि सदर स्थित मिशन प्राथमिक शाला की शासकीय लीज वाली भूमि पर लंबे समय से ऐसी गतिविधियां संचालित की जा रही



दो आरोपियों पर कार्रवाई सहित पांच बिंदुओं पर उठाए सवाल

हैं, जिनकी वैधानिकता की जांच आवश्यक है। उन्होंने दावा किया कि बीते दिनों करीब 200 से 250 हिंदू महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने और बीमारियां ठीक करने का भरोसा देकर एकत्र किया गया तथा उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए प्रभावित करने का प्रयास किया गया। इस मामले में दो लोगों को पकड़े जाने की बात भी उन्होंने कही। ज्ञापन में कहा गया है कि जिस परिसर में पूर्व में मिशन प्राथमिक शाला संचालित होती थी, उसकी भूमि किस संस्था के स्वामित्व में है और किस आधार तथा अवधि के लिए लीज पर दी गई है, इसकी राजस्व एवं संबंधित अभिलेखों के आधार पर जांच की जाए। साथ ही स्कूल बंद होने के बाद परिसर में किए गए कथित निर्माण की भवन अनुमति, संस्था पंजीयन, अग्नि सुरक्षा और विद्युत संबंधी अनुमतियों की भी जांच कराने की मांग की गई है। संगठनों ने यह भी आरोप लगाया कि परिसर में प्रत्येक रविवार लोगों को एकत्र किया जाता है और वहां धर्मांतरण संबंधी गतिविधियां संचालित किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। ज्ञापन में स्थल निरीक्षण कर गतिविधियों की वास्तविकता और वैधानिकता की जांच कराने तथा संबंधित व्यक्तियों द्वारा शासकीय योजनाओं का लाभ लिए जाने की स्थिति में उनकी पात्रता की भी जांच करने की मांग की गई है। ज्ञापन में रंगलीन इम्मानुएल और कृष्ण कुमार शेसकर नामक व्यक्तियों के संबंध में वर्ष 2021 और 2024 में प्राथमिकी दर्ज होने का उल्लेख करते हुए पुलिस अभिलेखों की जांच की मांग की गई है। साथ ही जिले की अन्य तहसीलों में इनके विरुद्ध दर्ज बताए जा रहे मामलों की भी जानकारी जुटाकर, यदि मामले लंबित अथवा प्रमाणित पाए जाएं तो नियमानुसार कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। परिसर में कार्यरत स्टाफ

दिव्यांग छात्र-छात्राओं का चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर आयोजित



शाहपुर। जनपद शिक्षा केंद्र शाहपुर में 30 सितंबर को ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग छात्रों का चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 90 से अधिक दिव्यांग छात्र-छात्राओं का पंजीयन कर जांच की गयी। जबलपुर से आई एलिम्को की टीम के डॉक्टर और विशेषज्ञों ने छात्रों की जांच कर छात्रों को हाथ, पैर सहित अन्य सहायक एवं कृत्रिम उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चिन्हाकित किया। जिला चिकित्सालय बैतूल से आए डॉक्टरों की टीम ने भी दिव्यांग छात्रों की जांच की। जांच के आधार पर पात्र छात्रों को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए चिन्हित किया। शिविर में जिला आईईडी प्रभारी अरूणा साहू एवं विकासखण्ड स्रोत समन्वयक शाहपुर आर एल भादे एवं विकासखण्ड आईईडी प्रभारी अजय लाल सहित बीआरसी कार्यालय से बी ए सी आशा कावरे, सीएसी दीपना जगताप एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे अन्य शालाओं से शिक्षक अमित सिंह, इंद्राज देशमुख, कृष्ण

मुख्य चुनाव आयुक्त के पुतले को प्रतीकात्मक रूप से दी फांसी

कांग्रेस के नेतृत्व में सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ किसानों ने किया कलेक्ट्रेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

14 सूत्रीय मांगों को लेकर हजारों किसान सडक़ों पर उतरे, फसल के लाभकारी दाम से लेकर बिजली, खाद, बीमा और वनग्रामों के पट्टे तक के मुद्दे उठाए



किसानों और मतदाताओं के अधिकारों के साथ विभिन्न स्थानीय समस्याओं को लेकर बुधवार को बैतूल जिला मुख्यालय पर कांग्रेस के किसान न्याय आंदोलन में बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता सडक़ों पर उतरे। पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ जन आक्रोश रैली निकाली गई। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और लल्ली चौक पर पुतले को प्रतीकात्मक रूप से फांसी पर लटकाया। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर घेराव किया गया और राज्यपाल के नाम कलेक्टर को 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। आंदोलन की खास बात यह रही कि आमसभा के मंच पर राजनीतिक नेताओं के बजाय किसानों को स्थान दिया गया। किसानों ने मंच से अपनी समस्याएं और जमीनी परेशानियां रखीं। इसके बाद पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और कांग्रेस के अन्य नेताओं ने सभा को संबोधित किया। कांग्रेस ने इस आंदोलन की तैयारी के लिए 26 से 29 सितंबर तक जिले के विभिन्न ब्लॉक, उप-ब्लॉक, नगर और मंडलम क्षेत्रों में जनजागरण एवं हस्ताक्षर अभियान भी चलाया था। गंज स्थित आभाश्री होटल के सामने वृंदावन गार्डन में सुबह से किसानों और कार्यकर्ताओं का जुटना शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे आमसभा के बाद सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ जनरैली निकली। रैली बाबू चौक, मस्जिद चौक, दिलबहार चौक, टांगा स्टैंड, रसोई रेस्टोरेंट, गंज, कोठी बाजार और बस स्टैंड होते हुए आगे बढ़ी। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध जताते हुए एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी और कथित मनमाने फैसलों के आरोप लगाए। बस स्टैंड पर पुतला दहन के बाद लल्ली चौक पर प्रतीकात्मक फांसी दी गई। इसके बाद रैली शिवाजी चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने घेराव कर ज्ञापन सौंपा।

लाभकारी फसल मूल्य और किसानों के मुआवजे की मांग

राज्यपाल के नाम सौंपे गए 14 सूत्रीय ज्ञापन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने अथवा इस्तीफा लेने की मांग के साथ किसानों से जुड़े कई मुद्दे उठाए गए। कांग्रेस ने मक्के का समर्थन मूल्य 3,000 रुपये, धान का 3,500 रुपये, गन्ने का 700 रुपये और सोयाबीन का 7,000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित कर खरीदी की गारंटी देने की मांग की। फसल बीमा की राशि खसरा-वार व्यक्तिगत रूप से देने तथा बंदर और जंगली सुअरों से फसलों को होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक, पुराने मीटरों को हटाने, खाद की कीमतें कम करने, ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने और ग्राम पंचायत स्तर पर सोसाइटी के माध्यम से खाद वितरण की मांग की गई। खाद की कालाबाजारी पर निगरानी, सिंचाई के लिए दिन में लगातार 14 घंटे बिजली, दूध का भाव 60 रुपये प्रति लीटर तथा रबी फसल से पहले नहरों की टैल पॉइंट तक मरम्मत कराने की मांग भी रखी गई। इसके अलावा वनग्रामवासियों का सर्वे कर भूखंड पट्टे देने, ग्राम बडोरी के काबिज आदिवासियों को बेदखली से रोकने, मेंढा डैम के डूब क्षेत्र के ग्राम डोलियामहू का विस्थापन करने और घोघरी डैम का टेस्टिंग व ट्रायल कार्य शीघ्र कराने की मांग की गई। सारनी के 660 मेगावाट पावर प्लांट में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने तथा पाढर स्थित इंदोबाई धर्मशाला के पट्टे को लेकर भी ज्ञापन में मांग रखी गई।

प्रदर्शन में पूर्व विधायक निलय विनोद डागा, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे और पूर्व विधायक ब्रह्मा भलावी, पूर्व विधायक डॉ. पी.आर. बोडखे, पूर्व विधायक धरमू सिंह सिरसाम, प्रदेश सचिव समीर खान, बैतूल प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा, आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र जैसवाल अजीत पटेल लोकेश पगारिया सहित कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगदीश गब्बर गोचरे, लवलेश बब्बा राठौर, मोनू बड़ोनिया नारायण राव धोटे, पंजाब अहाके, संजय यादव, , मोनिका निरापूरे, पुष्पा पन्द्राम, रोहन ठाकुर सहित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और बड़ी संख्या में किसान व कार्यकर्ता आंदोलन में शामिल हुए।

CHANGE OF NAME SELF

I, No.6487569N Nk **BINODI LAL PAWAR** (Retd) Son of Sitaram Pawar, resident of 391/3 Vaishnavi Nagar, Near Hanuman Temple Gouthana, Post- Betul, Teh.- Betul, Distt.- Betul (MP), PIN - 460001, have changed my name from **BINODI LAL PAWAR** (As recorded in my service documents) to **BINODILAL PAWAR** vide affidavit dated 30/09/2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt.- Betul (MP).

CHANGE OF NAME

I, **SAROJ DEVI** is legally wedded spouse of No.- 14440825X Hav Sita Ram Amrute (Retd) resident at VPO - Sehra, ,Teh. & Distt.- Betul (MP), PIN - 460001 have changed my name from **SAROJ DEVI** to **SAROJ AMRUTE** vide affidavit dated 30-09-2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt-Betul (MP).

CHANGE OF NAME

I, No.- 14440825X Hav Sita Ram Amrute (Retd), resident of VPO – Sehra, Teh. & Distt.- Betul (MP), PIN- 460001, have changed my Daughter's name from **SIMRAN** to **SIMRAN AMRUTE** vide affidavit dated 30-09-2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt.- Betul (MP).

CHANGE OF NAME

I,**Smt. Durga** legally wedded widow of No.- 15142716F Nk (MACP Hav) (Late) Ghanshyam, resident of VPO - Johal Khera, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP), PIN - 460661, have changed my Daughter's name from **PRACHI** to **PRACHI MUSHRE**, vide affidavit dated 30-09-2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt.- Betul (MP).

CHANGE OF NAME

I, **GEETA** is legally wedded spouse of No.- 15673287P Hav Naval Kishor Raghuwanshi (Retd), resident at VPO- Morkha, Teh.-Amla, Distt.- Betul (MP), PIN - 460661, have changed my name from **GEETA** to **GEETA RAGHUWANSHI** vide affidavit dated 30-09-2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt.- Betul (MP).

CHANGE OF NAME

I, No.- 15673287P Hav Naval Kishor Raghuwanshi (Retd), resident of VPO - Morkha, Teh.-Amla, Distt.- Betul (MP), PIN-460661, have changed my Daughter's name from **KUMKUM** to **KUMKUM RAGHUWANSHI** vide affidavit dated 30-09-2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt.- Betul (MP).

खबर संक्षेप

शिक्षक जगदीश यादव हुए सेवानिवृत

माखननगर। बुधवार को जगदीश यादव (उच्च श्रेणी शिक्षक शासकीय सेवा पूर्ण कर हुए सेवानिवृत्त हुए। लगभग 37 से अधिक वर्षों के शिक्षकीय कार्यकाल में आपने सिर्फ पढ़ाया नहीं बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र का निर्माण किया आपकी इसी निष्ठा और कुशलता के लिए आपको लायंस क्लब माखन नगर द्वारा शिक्षक सम्मान और क्षेत्रीय विधायक द्वारा शिक्षक सम्मान से विभूषित किया जा चुका है आपके विचार और आपकी कार्य शैली दिलों में जीवंत रहेगी 37 वर्षों से अधिक शिक्षा क्षेत्र में अपनी सेवा देने उपरांत यादव शासकीय माध्यमिक शाला पनवासा से सेवानिवृत हुए जगदीश यादव के विदाई समारोह पर माखन नगर ब्लॉक के शिक्षक शिक्षिकाओं इष्टमित्रों एवं समस्त ग्रामवासी ने आपके उत्तम स्वस्थ्य सुख समृद्धि और आनंद से परिपूर्ण जीवन जीने की शुभकामनाएं दी।

7 अक्टूबर से शुरू होगा फिजिकल टेस्ट

पिपरिया। मध्य प्रदेश शासन के जेल विभाग में भर्ती का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है। कर्मचारी चयन मंडल (ESB) द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों का अब द्वितीय चरण का शारीरिक नापतोल, दक्षता परीक्षा (फिजिकल टेस्ट) और दस्तावेज सत्यापन 7 अक्टूबर से आयोजित किया जाएगा।कर्मचारी चयन मंडल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक और जेल प्रहरी के पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 4 जून से 20 जून 2026 तक किया गया था, जिसका परिणाम 14 अगस्त 2026 को घोषित हुआ था। परिणाम आने के करीब 2 माह और लिखित परीक्षा के लगभग 4 माह बाद अब प्रशासन ने द्वितीय चरण की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है।जारी शेड्यूल के अनुसार, 7 अक्टूबर 2026 से 18 अक्टूबर 2026 तक पात्र अभ्यर्थियों का नापतोल, शारीरिक प्रवीणता टेस्ट, मूल दस्तावेजों की जांच तथा अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स प्रमाणपत्रों का सत्यापन किया जाएगा। शारीरिक परीक्षा की तिथियां स्पष्ट होते ही ग्राउंड पर पसीना बहा रहे अभ्यर्थियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

धूल में ढके स्टेट हाईवे पर दोहरा खतरा

यकायक नजर आते मवेशियों के कारण हो सकती है दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदापुरम-पचमढ़ी स्टेट हाईवे की बदहाली से वाहन चालक और स्थानीय नागरिक बेहद परेशान हैं। सड़क पर बने जानलेवा गड्ढों को भरने के लिए संबंधित विभाग ने गिट्टी और बजरे का पुराव तो कर दिया है, लेकिन यह अस्थायी व्यवस्था अब लोगों के लिए एक नई आफत बन चुकी है। मार्ग से गुजरने वाले वाहनों के दबाव और तेज रफ्तार के कारण सड़क पर पड़ी बजरी लगातार उड़ रही है, जिससे पूरे स्टेट हाईवे पर दिनभर धूल का गुबार छाया रहता है। धूल की वजह से वाहन चालकों, विशेषकर दोपहिया सवारों को सामने का रास्ता साफ दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा काफी बढ़ गया है।इसके साथ ही, मार्ग के आसपास रहने वाले नागरिकों और दुकानदारों को लगातार उड़ती धूल से सांस लेने में तकलीफ और आंखों में जलन जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



नागरिकों ने की प्रशासन से मांग

धूल के गुबार के पीछे बैठे सैकड़ों मवेशी कई बार वाहन चालकों को नजर नहीं आते हैं। यकायक ही ये मवेशी सड़क पर बैठे या खड़े नजर आते हैं। जिसके कारण वाहन दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ रही है। नागरिकों की मांग है कि स्टेट हाईवे का जन अपेक्षा अनुरूप सुधार किया जाए। साथ ही नागरिकों ने शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि जब तक सड़क का स्थायी डामरीकरण नहीं होता, तब तक धूल को नियंत्रित करने के लिए मार्ग पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए और जल्द से जल्द पक्की सड़क का निर्माण पूरा किया जाए।



सम्मानित हुए सफाई मित्र, दिए गए प्रशस्ति पत्र

नगर परिषद में आयोजित किया गया सफाई मित्र सुरक्षा व सम्मान शिविर

बुधवार को नप सोहागपुर के सभाकक्ष में सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण को प्राथमिकता देना तथा उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करना रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 अंतर्गत बुधवार को नप सोहागपुर के सभाकक्ष में सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण को प्राथमिकता देना तथा स्वच्छता के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करना रहा।

शिविर दौरान सफाईमित्रों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की गई, जिसमें उनके स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में सफाई मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए उनके कार्यों की सराहना की गई तथा उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान नप अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पार्षद आशीष मालवीय, नप स्वास्थ्य अधिकारी संजय दुबे, जगदीश चौरसिया, सरला सनकत, रजनी ठाकुर, संजय परसाई, नीरज मलैया, अरविंद बहोत्रा, राजकुमार घारू, संजय दोहरे आदि उपस्थित थे।



दी नमस्ते आईडी

शिविर दौरान नमस्ते योजना अंतर्गत नगर परिषद में कार्यरत वाहन चालकों एवं हेल्परों को नमस्ते आईडी कार्ड वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य योजना के अंतर्गत पंजीकृत सफाई मित्रों की पहचान सुनिश्चित करने तथा उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में प्रोत्साहित करना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के माध्यम से नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने व सफाईमित्रों के प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता की भावना विकसित करने का संदेश भी दिया जा रहा है।

अभय बैरागी लगातार दूसरी बार जिला चैंपियन



शतरंज की बिसात पर सोहागपुर के अभय बैरागी ने एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित की। माखन नगर में जिला स्तरीय इंटर कॉलेज शतरंज प्रतियोगिता में पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति कॉलेज सोहागपुर के छात्र अभय बैरागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज प्रबंधन से अभिनव पालीवाल ने बताया कि अभय लगातार दूसरी बार जिला स्तर पर विजेता बने हैं। अभय की इस उपलब्धि पर शिक्षा समिति अध्यक्ष कन्नूलाल अग्रवाल, शासी निकाय अध्यक्ष कैलाश पालीवाल, सचिव हमीर सिंह चंदेल, प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, डॉ. राधेश्याम रघुवंशी, सैयद हामिद अली, डॉ. राजेश विश्वकर्मा, अभिनव पालीवाल, हर्ष डोंगरे, दर्शन डोंगरे, हिमांशु साहू, राजकुमार चौरसिया सहित महाविद्यालय स्टाफ ने बधाई दी है।

ग्राम पाटनी आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

बुधवार को को परियोजना माखन नगर मे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पाटनी मे आँगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम सरपंच कल्याण सिंह यादव शिक्षक हरगोविंद यादव सेक्टर पर्यवेक्षक प्रीति वर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता नीतू यादव, संध्या यादव एवं ग्राम की सभी महिलाये उपस्थित थीं। आंगन मिलन कार्यक्रम अंतर्गत पौधारोपण बच्चों को मनोरंजन गतिविधियां करवाई गई पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा के बारे में जानकारी दी गई।

नंद के आनंद भयो, के जयकारे से गूंजा भागवत कथा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



वाटिका गार्डन सोहागपुर में महर्षि याज्ञवल्क्य सनातन कल्याण समिति द्वारा जारी श्रीमद् भागवत कथा में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई। कथा व्यास आचार्य अविनाश मिश्रा ने सुंदर ढंग से श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग को व्यक्त किया।

आचार्य मिश्रा ने बताया कि जब जब धर्म पर विपदा आती है तो उसे दूर करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास जो है वह सब कुछ भगवान का ही है। भगवान की वस्तुओं को भगवान को समर्पित कर मुक्ति प्राप्त की जा सकती है।

जिस प्रकार महाराज बलि ने सब कुछ भगवान वामन को समर्पित कर भगवान को ही प्राप्त कर लिया। कथा प्रसंग में अजामिल उद्धार, एकादशी महात्म, समुद्र मंथन, शिशुपाल वध, मत्स्य, कच्छप, परशुराम चरित्र, हिरण्यकश्यप उद्धार, प्रहलाद चरित्र, श्रीराम प्राकट्य प्रसंगों का चित्रण किया गया। वहीं श्री कृष्णा जन्मोत्सव कथा वर्णन दौरान पांडाल में ₹नन्द घर आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे गूंजते रहे। इस दौरान महंत हरिकिशन दास, भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, गिरजा शंकर शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, पीयूष शर्मा, जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया, ब्रजकिशोर शर्मा, हंस राय आदि कथा श्रवणार्थ उपस्थित रहे।

उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को लेकर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

उल्लास–नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 24 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाली मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा को लेकर विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विकासखंड के अंतर्गत आने वाले समस्त जनशिक्षा केंद्रों से संबंधित अधिकारियों, समस्त सह संकुल समन्वयक, अक्षर साथी, कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी एवं नोडल अधिकारियों ने सहभागिता की।

बैठक में आगामी मूल्यांकन परीक्षा के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। परीक्षा के दौरान प्रश्न-पत्र के मुद्रण, मूल्यांकन एवं अनुवीक्षण कार्य में गोपनीयता एवं विशेष सावधानी बरतने के निर्देशों से उपस्थित जनों को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के ट्रेनर एवं प्रभारी एपीसी प्रदीप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में बैठक संपन्न हुई। वहीं बीआरसी कमलेश वर्मा के मार्गदर्शन एवं समन्वय में परीक्षा से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधितों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया।

बैठक में समस्त जनशिक्षकों एवं बीएसी का सहयोग रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग के लिए बीएसी रामभरोस बामनिया द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

वार्ड 28 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

सीहोर। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 28 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, भाजपा पदाधिकारियों, माताओं-बहनों एवं बच्चों ने सहभागिता की। प्रदेश में 'आंगन मिलन सेवा' के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को सेवा, पोषण और जनभागीदारी से जोड़ने के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत आधारशिला हैं।

जनसुनवाई में गूंजा कीचड़ और अतिक्रमण का मुद्दा: ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत गाड़ाघाट से झालौन जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाली खुदाई के बाद सड़क पर फैलाए गए कीचड़ और गंदगी से त्रस्त ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आकिफ खान और तहसीलदार वैभव बैरागी को शिकायती आवेदन सौंपकर मार्ग से तत्काल मिट्टी-कीचड़ हटवाने की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हाल ही में सड़क व बाजू में नाली का निर्माण कार्य कराया गया था। लेकिन गाड़ाघाट निवासी बलवंत पटेल द्वारा मशीन से सड़क पर ही लगभग 3 फीट



नाली की अवैध खुदाई करा दी गई और उससे निकली पूरी कीचड़युक्त मिट्टी पक्की रोड पर फेंक दी गई।

जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो उसने मिट्टी हटाने से साफ इंकार कर दिया। सड़क पर फैले कीचड़ के कारण किसानों, स्कूली बच्चों और राहगीरों का निकलना दूभर हो गया है और आए दिन वाहन फिसल रहे हैं।इस समस्या को लेकर सरपंच संध्या मेहरा, आनंद चौधरी, महेश चौधरी, कमलेश ठाकुर, सपेरा चौधरी, रविंद्र कुमार, मुकेश पठारिया, मंजेश चौधरी, शिवम, यशवंत सहित दर्जनों ग्रामीणों ने अधिकारियों से कड़ी कार्रवाई की गुहार लगाई है। जनसुनवाई के दौरान केवल गाड़ाघाट ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए।

अशासकीय शिक्षण संगठन सोहागपुर का 'शिक्षा शिरोमणि अलंकरण समारोह' आज

सोहागपुर। अशासकीय शिक्षण संगठन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को आज सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए विवेकानंद एकेडमी में सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में आज दोपहर एक बजे से 'शिक्षा शिरोमणि अलंकरण समारोह' का आयोजन प्रारंभ होगा। आयोजक संगठन के सदस्यों ने बताया कि आयोजन में क्षेत्र के अशासकीय विद्यालयों के चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया जाएगा।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत लगा शिविर

भाजपाइयों ने किया वृहद रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत बुधवार को पिपरिया में विभिन्न जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। सिविल अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, वहीं मछेराकलां वेयरहाउस में भव्य जनसेवा कार्यक्रम संपन्न हुआ। सिविल अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुमलता भगवान सिंह पटेल और गुलाब बैंकर सहित कई कार्यकर्ताओं



ने रक्तदान कर समाज सेवा की मिसाल पेश की। शिविर का मुख्य आकर्षण महिलाओं का उत्साह रहा; सामान्यतः सुई देखकर घबराने वाली महिलाओं ने भी इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान किया। जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय और नगरपालिका परिषद के समस्त पार्षद उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम हुए संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर जिला नर्मदापुरम में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत दिनांक 28 सितंबर को एनीमिया पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी को दीप प्रज्वलन कर हुई। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.प्रेम अरविंद थे उन्होंने खून की कमी से होने रोगों तथा हीमोग्लोबिन पर विस्तार से समझाया तथा उच्च पोषण कैसे मिले एवं एनीमिया के लक्षण और बचाव की व्याख्या की , डॉ.आरती द्विवेदी ने पोषण हेतु समय प्रबंधन एवं खाने के प्रकारों को बताया इस व्याख्यान में स्वास्थ्य विभाग से ए.एन.एम. जानकी अहिरवार ,लक्ष्मी टेकाम , मीना पटेल,पूर्णिमा वराडे सम्मिलित हुए 29 सितंबर को कार्यक्रम संयोजक शीतल वर्मा ने जल संरक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें जल संचय,जल बचाव,जल संधारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार व्यक्त किए गए।1 30 सितंबर को स्वच्छता सत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जिसमें ब्लड सैंपल टीम के साथ उपरोक्त स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में आयोजित इन गतिविधियों में नोडल अधिकारी डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान के साथ रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कविता दुबे के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। संचालन डॉ.मनीष शर्मा ने किया तथा आभार कार्यक्रम की संयोजक श्रुतिका कांसकार ने किया।1

खापरखेड़ा में आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित

पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत खापरखेड़ा सुलभ गोदानी सरपंच प्रदीप पांडे सचिव रोजगार सहायक सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी जनपद सदस्य विद्या पटेल सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पर्वतारोहण में स्वर्ण पदक जीतकर लौटी राखी सराठे का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पर्वतारोहण व रॉक क्लाइम्बिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली सोहागपुर की बेटी राखी सराठे गत दिनों नगर लौटी। होनहार राखी सहित उनकी मां रंजना एवं पिता वसंत सराठे का सेन समाज द्वारा सोमवार शाम गृहभेंट कर सम्मान किया गया है। इस अवसर पर अवधेश सराठे, अजय सराठे, रूपेश सराठे, वीरू सराठे, देव सराठे, ब्रिजेश सराठे एवं राष्ट्रीय नाई महासभा प्रदेश महासचिव रामबाबू सराठे सहित अन्य समाजजन एवं युवा उपस्थित रहे। समाज जनों ने राखी सराठे का गर्मजोशी से स्वागत किया। तथा उन्हें श्रीराम की प्रतिमा एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने राखी को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। राखी सराठे की इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे समाज में हर्ष का माहौल है।

खबर संक्षेप



सुअरों ने मक्का बर्बाद की मुआवजे की मांग

रहटगांव। नगर के किसानों के खेत में पालतू सुअरों के घुसने से मक्का की फसल बर्बाद होने का मामला सामने आया है। किसान जहुर खान पिता शकूर खान मंसूरी और अतुल गौर पिता ग्यारस गौर निवासी रहटगांव ने तहसीलदार को आवेदन देकर फसल नुकसान का सर्वे कराकर शासन से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। आवेदन में किसानों ने बताया कि हल्का नंबर-20, तहसील रहटगांव स्थित खसरा नंबर 110/4, 116/4, 117/2 और 284/3 में कुल 5 एकड़ भूमि पर वर्ष 2026-27 में मक्का की फसल बोई गई थी। 18 सितंबर की रात गांव में घूम रहे पालतू सुअरों ने खेत में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचाया। किसानों के अनुसार करीब 2 एकड़ क्षेत्र में लगी मक्का की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने तहसीलदार से मौके पर जांच कराकर फसल नुकसान का आकलन करवाने मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग की है।

घायल महिला को डायल 112 ने अस्पताल पहुंचाया

रहटगांव। थाना रहटगांव क्षेत्र के ग्राम मगरधा में सोमवार रात करीब 9 बजे सड़क हादसे में एक महिला घायल हो गई। हादसे में ग्राम झिरी निवासी चुनचुन बाई पति रेवाराम पारदी (55) के पैर में गंभीर चोट आई। हादसे की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल स्थित डायल-112 को मिली। कंट्रोल रूम से थाना रहटगांव में तैनात एफआरवी (फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल) को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डायल-112 के प्रधान आरक्षक नीरज थापक और पायलट पवन त्रिपाठी तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल हरदा पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। समय पर अस्पताल पहुंचाए जाने से महिला को उपचार मिल सका।

सहायक जेल अधीक्षक व जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 7 से 18 तक

खरगोन। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा-2026 के प्रथम चरण की लिखित परीक्षा 4 जून से 20 जून 2026 तक आयोजित की गई थी। परीक्षा परिणाम 14 अगस्त 2026 को घोषित किया गया है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण में शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट तथा दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 7 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2026 तक अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के सामने, नाथ बरखेड़ा रोड, नीलबड़, भोपाल में आयोजित की जाएगी। सहायक जेल अधीक्षक के 25 पदों के लिए 256 तथा जेल प्रहरी के 757 पदों के लिए 8217 अभ्यर्थियों को प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में पात्र पाया गया है।

प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षकों ने क्रमोन्नति व पदोन्नति की मांग की को लेकर ज्ञापन सौंपा

मांगों का निराकरण नहीं होने पर इंदौर में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



जिले में कार्यरत ऐसे प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक जिनकी सेवा अवधि 12 एवं 24 वर्ष पूर्ण हो गई उनकी क्रमोन्नति लंबे समय से लंबित है। इन शिक्षकों की 5 वर्षों की गोपनीय चरित्रावली भी संभागीय उपायुक्त कार्यालय में जमा कर दी गई है। इस सम्बन्ध में कई बार सहायक आयुक्त एवं संभागीय उपायुक्त कार्यालय को भी अवगत कराया गया लेकिन अभी तक आदेश जारी नहीं हुए हैं। इस आशय का ज्ञापन राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुराम मालवीया, प्रांतीय प्रवक्ता संतोष जायसवाल,जिला अध्यक्ष अमित शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, अर्चना गीते, द्वारा सहायक आयुक्त डॉ कविता आर्य को संभागीय उपायुक्त के नाम सौंपा गया। इस अवसर पर जिले भर से सैकड़ो शिक्षकों ने सहायक आयुक्त कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। शिक्षकों ने बताया कि अगर उनकी मांगों का निराकरण समय सीमा में नहीं होता है तो आने वाले समय में संभागीय उपायुक्त कार्यालय इंदौर जाकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की पदोन्नतियां भी लंबित है जबकि पात्र शिक्षकों की गोपनीय चरित्रावली संभागीय उपायुक्त कार्यालय को भेज दी गई है। इस अवसर पर मुरली महाजन, विष्णु पाटीदार, कृष्णराज राठौर, गणेश मालवीय, शैलेंद्र वर्मा, आनंदराम सोनगरे, जगदीश पाटीदार, चंद्र किरण गुप्ता मनीष पाटीदार, महेंद्र पाटीदार ,सुभाष पाटीदार, महेंद्र चौहान, गोपाल पाटील, रविंद्र पाटीदार, विष्णु ठाकुर,गिरधारी पाटीदार सतीश पाटीदार, नीरज पाटिल, सुभाष पाटीदार, विजय पाटीदार, प्रेमलता पटेल, प्रेमलता प्रमिला भावसार प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

जिला स्तरीय समस्याओं का ज्ञापन भी दिया

जिले में कार्यरत शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण करने की मांग को लेकर राज्य शिक्षक संघ द्वारा सहायक आयुक्त के नाम भी ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि जिले की भगवानपुरा, झिरन्या भीकनगांव सहित अन्य जनपद क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों का डी ए एरियर लंबित है ।कई बार विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्यो को लिखित में शिकायत देने के बावजूद अभी तक एरियर राशि का भुगतान नहीं हुआ है। साथ ही 3 वर्ष की परीक्षा अवधि पूर्ण करने वाले प्राथमिक ,माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने के बाद भी संविलयन के आदेश अभी तक जारी नहीं हुए। सार्थक उपस्थिति के नाम गलत ढंग से झिरन्या विकासखंड में 115 से अधिक शिक्षकों का जो वेतन कटा उसका भुगतान कराया जाए।



कार पर ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटी, परियोजना अधिकारी बचे

रिवर्स लेने से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

यहां लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़क निर्माण एजेंसी बिंदल डेवेलपर्स कन्नौद के परियोजना अधिकारी गोविंद पवार बुधवार को बाल बाल बच गए। उनकी कार पर ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। वहां से निरंतर दुपहिया वाहनों की आवाजाही हो रही है, यदि कार नहीं आती तो घटना का स्वरूप गंभीर होने की आशंका थी। यह घटनाक्रम दोपहर करीब 12:00 का है,जब पवार चिरीया मार्ग (बांयखेड़ा) की ओर जा रहे थे। जबकि इसके पूर्व ट्रैक्टर ईंटों से भरी ट्रॉली खाली करने के लिए रिवर्स ले रहा था। इसी दौरान अधिक ऊंचाई पर पिछला पहिया पत्थर पर चढ़ गया और ट्रॉली पलटकर कार पर गिर गई। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि वहां क्रासिंग के लिए पर्याप्त स्थान था और अधिक रिवर्स लेने से यह हादसा हुआ है।

ग्रामीणों में आक्रोश फैला

आसपास के ग्रामीणों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही से अधर में छोड़ दिया गया है। जिससे वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानियां हो रही है और आए दिन ग्रामीणजन दुर्घटनाओं का सामना कर रहे हैं। वही ट्रैक्टर मालिक अनु भावसार ने कहा कि यदि कंक्रीट का कार्य हो जाता तो उक्त दुर्घटना भी घटित नहीं होती। ग्रामीणों ने परियोजना प्रबंधक को काफी खरी खोटी सुनाई और अधूरे कार्य को शीघ्र ही पूर्ण करने की मांग की है।

ग्राम दामखेड़ा चिरिया में दिन दहाड़े चोरी की वारदात, पुलिस व्यवस्था की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



समीपवर्ती ग्राम दामखेड़ा (चिरिया) में शनिवार को दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है। जिसमें अलमारी में रखे नगदी रुपए, एक चांदी की पायल और बच्चों की जमा राशि के दो गल्ले भी चोर ले जाने में सफल हो गए। जानकारी अनुसार ग्राम दामखेड़ा निवासी कालीबाई पति कमल माली (भीलाला) अपने घर में ताला लगाकर सुबह करीब 10.30 बजे खेत में काम करने चली गई थी। पति इंदौर में ड्रायवरी का काम करते हैं और दोनों बच्चे निखिल व कंचन ग्राम चिरिया स्कूल गए थे। दोपहर 1.30 बजे जब महिला घर लौटी तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और दरवाजा अधखुला था। अंदर अलमारी खुली पड़ी थी, कपड़े बिखरे थे। पीड़िता ने रिश्ते के भाई सचिन रंधावा के साथ थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम चिरिया एक बड़ा बाजार व स्कूल केंद्र है, यहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है, लेकिन स्थायी पुलिस व्यवस्था नहीं है। दिनदहाड़े हुई इस चोरी के बाद चिरिया में पुलिस चौकी या नियमित गश्त की मांग तेज हो गई है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

एसआईआर को लेकर कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

पुतला बेड़ियों में बांधकर घंटाघर से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



बुधवार को कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार का पुतला बेड़ियों में बांधकर घंटाघर से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। नारायण टॉकीज चौक पर पुतला जलाया गया। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम अशोक डेहरिया को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाए गए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की। कांग्रेस ने चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची में हुए बदलावों की स्वतंत्र समीक्षा की मांग भी रखी। कांग्रेस की ओर से राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने और उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की गई। आवेदन में SIR के माध्यम से मतदाता सूची से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने का आरोप लगाया गया। कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने मतदाता सूची में हुए प्रत्येक बदलाव का डेटा सार्वजनिक करने, हटाए गए मतदाताओं को अपील का अवसर देने, राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और संबंधित डेटा उपलब्ध कराने तथा गंभीर विसंगतियों की स्वतंत्र और समयबद्ध जांच कराने की मांग भी रखी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साई ने कहा कि राहुल गांधी तीन साल से 'वोट चोरी' का मुद्दा उठा रहे हैं। उन्होंने 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे जाने का आरोप लगाया। विधायक डॉ. आरके दोगने ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन देशभर में चल रहा है। कांग्रेस का दावा है कि SIR के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। हालिया राष्ट्रीय रिपोर्टिंग में कांग्रेस ने 13.3 करोड़ नाम हटने का दावा किया।

सोयाबीन ऑयल का अवमानक नमूने पाए जाने वाले 2 प्रतिष्ठानों के विरुद्ध होगी कार्रवाई



हरदा। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने हरदा के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित जलाराम किराना ऑयल रीपैकर प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने सोयाबीन ऑयल का नमूना लिया। नमूने को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री कांबले ने बताया कि पूर्व में माँ भगवती राजस्थान स्वीट, चारूवा से पनीर का नमूना एवं व्हाइट फ्रेश मिल्क प्लांट से दूध का नमूना लिया गया था। दोनों नमूने जांच में अवमानक पाए गए। अवमानक पाए जाने पर दोनों प्रतिष्ठानों के विरुद्ध 30 सितम्बर 2026 को सक्षम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

गजानन एकता संघ नवरात्रि के 31वें वर्ष में उत्सव के लिए समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



गजानन एकता संघ नूतन नगर द्वारा 31वें वर्ष नवरात्रि उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जगदंबा चौक पर नवरात्रि पर्व के दौरान बालिकाओ एवं महिलाओं द्वारा आकर्षक एवं नयनाभिराम गरबे प्रस्तुत किए जाएंगे। नवमी के दिन प्रातः हवन एवं पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शारदीय नवरात्रि उत्सव को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक कैलाश माली, बलिराम नागराज, गिरधारी सोनी, दीपक कानूनगो, जयंतीलाल सोनी, तुकाराम चौहान, संतोष निरोगे एवं आनंद पेडनेकर की उपस्थिति में में नवरात्रि उत्सव समिति का गठन किया गया। सर्व सहमति से अध्यक्ष - राजेन्द्र श्रीवास, उपाध्यक्ष संदीप मालवीया, सुनिल इंद्रे, गणेश गवाने, सतीष सोनाने, इनसम पटेल, सचिव संजय कानूनगो, कोषाध्यक्ष चन्दर सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी प्रभुराम मालवीया, सह सचिव चेतन यादव, राहुल इंद्रे, इन्दर गुप्ता, संरक्षर मंडल में ,अनिल महाजन,अशोक राठौर, भानू शर्मा, गिरिश उपाध्याय, तुकाराम चौहान, निरंजन गुप्ता,मोतु काका आलीवाल, नाथूलाल जोशी, शैलेश महाजन, जगदीश आलीवाल, कमल मंडलोई, मोंटू भाटिया ,सचिन सोनियर,विजय जोशी, हर्षित मिश्रा, विश्वजीत सांवले, अमरदीप सिंह राय, शैलू गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल को चुना गया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



सेवा संकल्प अभियान के तहत परियोजना हरदा शहरी के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 58 पर बुधवार को आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों का जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में छोटी छोटी कन्याओं का कन्या पूजन किया गया एवं फल व मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और उषा कार्यकर्ता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा छोटे-छोटे बच्चों को खेल गतिविधि भी कराई गई। इस दौरान उपस्थित 6 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तथा बच्चों को फल एवं मिठाइयों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद विजयश्री चौरसिया एवं महिला बाल विकास के अधिकारी कर्मचारी और हितग्राही उपस्थित रहे।

पूरक परीक्षा पास छात्रों को कॉलेजों में एडमिशन दिलाने की मांग

हरदा। 12वीं की पूरक परीक्षा पास छात्रों को कॉलेजों में एडमिशन दिलाने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) और आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने बताया कि पूरक परीक्षा का रिजल्ट कॉलेज एडमिशन की अंतिम तारीख निकलने के बाद जारी हुआ। इसके कारण कई छात्र समय पर प्रवेश नहीं ले पाए।

सात दिन के लिए पोर्टल खोलने की मांग

एनएसयूआई ने छात्रों के भविष्य को देखते हुए कॉलेज एडमिशन पोर्टल कम से कम सात दिन के लिए दोबारा खोलने की मांग की। संगठन का कहना है कि इससे पूरक परीक्षा पास कर चुके छात्रों को कॉलेज में प्रवेश लेने का मौका मिल सकेगा और वे आगे की पढ़ाई जारी रख सकेंगे। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ बिश्नोई ने बताया कि अधिकारियों ने सात दिनों में समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि तय समय में छात्रों को प्रवेश नहीं मिला तो एनएसयूआई आंदोलन करेगा। ज्ञापन देने के दौरान मनोज साईं, कृष्ण बिश्नोई, नमन मालवीय, पंकज पवार, प्रवीण, अमित, लकी गुर्जर, पुष्कर, रेहान, चंदन राजपूत और गौतम लोहाना समेत कई एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कैबिनेट सचिव को भेजे गए पत्र को लेकर भी भ्रम फैलाया गया : मेवाड़ा

चुनाव आयोग की स्पष्टता के बाद कांग्रेस के आरोपों की वास्तविकता सामने आई : रचना सुरेंद्र मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस एवं विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और भ्रामक प्रचार के संबंध में भारतीय जनता पार्टी, सीहोर जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता को जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा ने भाजपा मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर एवं भाजपा नेता सुरेंद्र मेवाड़ा के साथ संबोधित करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित तथ्यों और चुनाव आयोग द्वारा जारी स्पष्टीकरण की जानकारी पत्रकारों के समक्ष साझा की।

रचना सुरेंद्र मेवाड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जारी संयुक्त वक्तव्य में स्पष्ट किया गया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण सहित प्रमुख निर्णय चुनाव आयोग के सभी सदस्यों की सहमति से लिए गए हैं।

26 सितंबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा दोनों चुनाव आयुक्तों डॉ. एस.एस. संधू एवं डॉ. विवेक जोशी की बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में इस संबंध में स्पष्ट जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट सचिव को भेजे गए पत्र को लेकर भी भ्रम फैलाया गया, जबकि चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण के अनुसार यह पत्र किसी नीतिगत विषय अथवा विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित नहीं था। यह प्रतिनियुक्ति पर आए एक अधिकारी की प्रशासनिक कार्यप्रणाली से संबंधित आंतरिक मामला था। रचना सुरेंद्र मेवाड़ा ने कहा कि प्रपत्र-6 को लेकर भी जनता के बीच भ्रम उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। चुनाव आयोग के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत प्रपत्र-6 के साथ संलग्न घोषणा-पत्र को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वैध ठहराया गया है। वहीं, विशेष गहन पुनरीक्षण की अवधि के बाहर पूर्व निर्धारित नियम एवं प्रपत्र ही लागू हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा प्रत्येक पात्र मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष शिविरों के आयोजन के साथ-साथ छूटे हुए लोगों के घर जाकर बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा प्रपत्र एकत्र करने की व्यवस्था भी की जा रही है। रचना सुरेंद्र मेवाड़ा ने कहा कि लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं के संबंध में आरोप लगाने के बजाय सभी राजनीतिक दलों को तथ्यों और आधिकारिक स्पष्टीकरण का सम्मान करना चाहिए। चुनाव आयोग के स्पष्ट वक्तव्य के बाद विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम की वास्तविकता जनता के सामने स्पष्ट हो गई है।

मगरधा में चार को, सिराली में शिविर अब 16 को लगेगा

हरदा। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026' के तहत हरदा जिले में प्रत्येक शुक्रवार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में जिला प्रशासन, स्थानीय निकायों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण कर रहे हैं। साथ ही विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं, लोक सेवा गारंटी से संबंधित सेवाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की जा रही है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में आंशिक संशोधन किया है। जारी आदेश अनुसार हरदा विकासखण्ड के ग्राम मगरधा में 4 अक्टूबर को शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें बालागांव, बूंदड़ा, झाड़पा, जिजगांवखुर्द, नकवाड़ा, सिरकम्बा, मगरधा, डगांवाशंकर, मोहनपुर, रोलगांव, कमताड़ा, गहाल, रैसलपुर, गुठानिया व बरखेड़ी के ग्रामीण शामिल होंगे। इस शिविर में उद्यम संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। वहीं सिराली में 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाला शिविर अब 16 अक्टूबर को नगर परिषद सिराली में जन विश्वास शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान को पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता एवं जनहित की भावना के साथ संचालित करें, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचे और समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके।